कार्यालय आदेश

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार, पटना।

(वेबसाइट– www.csbc.bih.nic.in)

विज्ञापन संख्या 01/2023 के अंतर्गत बिहार पुलिस एवं अन्य इकाईयों में 'सिपाही' के पद पर चयन हेतु दिनांक–01.10.2023 को आयोजित लिखित परीक्षा के संदर्भ में।

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा बिहार पुलिस एवं अन्य इकाईयों में 'सिपाही' के पद पर चयन हेतु विज्ञापन संख्या 01/2023 से संबंधित लिखित परीक्षा दिनांक 01.10.2023 (रविवार) को दोनों पालियों में संपन्न हुई है।

(2) विदित हो कि दिनांक–01.10.2023 (रविवार) को उक्त दोनों पालियों की लिखित परीक्षा में काफी संख्या में नकल करते हुए Electronic devices एवं चीट–पूर्जो के साथ राज्य के विभिन्न जिलों में अभ्यर्थी गिरफ्तार हुए। इसके अतिरिक्त अन्य स्रोतो से भी ऐसी जानकारी प्राप्त हुई कि परीक्षा के प्रश्नों के तथाकथित उत्तर सादे पन्नों पर मात्र Sl No. के सामने उत्तर लिखकर मोबाईल एवं अन्य तरीकों से कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त कर लिये गये हैं। विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में काफी संख्या में अभ्यर्थियों द्वारा इन उत्तरों की नकल करते हुए और चीट–पूर्जा के साथ पकड़े गये। इन सभी अभ्यार्थियों के विरूद्ध कांड दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। वर्त्तमान में ये सभी मामले अनुसंधान अंतर्गत है, लेकिन दिनांक–02.10.2023 के अपराह्न उपरांत ऐसे मामलों के संबंध में और अधिक जानकारियॉं प्राप्त हुई। इन जानकारियों के विश्लेषण उपरांत पाया गया कि इस प्रकार के क्रियाकलाप प्रथम दृष्टया सुनियोजित ढ़ंग से संगठित गिरोह द्वारा किया गया प्रतीत होता है। अनुसंधान के क्रम में इस तरह के और मामले प्रकाश में आने की प्रबल संभावना है। इन क्रियाकलापों के कारण पर्षद की लिखित परीक्षा की प्रक्रिया दूषित हुई है।

(3) **उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में पर्षद के द्वारा दिनांक–01.10.2023 (रविवार) को हुई दोनों पालियों की लिखित परीक्षा रद्द करने का निर्णय लिया गया है।** इसके साथ–साथ दिनांक–07.10.2023 (शनिवार) को निर्धारित तृतीय और चतुर्थ पालियों तथा दिनांक–15.10.2023 (रविवार) को निर्धारित पंचम एंव षष्ठम् पालियों की लिखित परीक्षाओं को अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है। सभी पालियों (प्रथम से पष्ठम् पाली तक) की लिखित परीक्षाओं की नई तिथि एवं समय के संबंध में अलग से सूचना पर्षद की बेवसाईट www.csbc.bih.nic.in एवं समाचार पत्रों के माध्यम से दी जाएगी ।

ह0/–

अध्यक्ष,

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),

बिहार, पटना।

ज्ञापांक 20/के0च0प0(सू0)

अध्यक्ष, केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) का कार्यालय,

05, हार्डिंग रोड, नजदीक सप्तमूर्ति (शहीद स्मारक), पटना–800001

दिनांक 03.10.2023